


बोले- सड़क नहीं तो स्कूल नहीं, कीचड़ भरे रास्ते से परेशान विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

# मेघा सिवनी में छात्रों का फूटा आक्रोश

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. जिले के मेघा सिवनी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक आज भी पक्की सड़क नहीं पहुंच सकी है। वर्षों से बदहाल मार्ग की समस्या झेल रहे विद्यार्थियों का शनिवार को धैर्य जवाब दे गया। स्कूल तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर छात्रों ने विद्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।**

छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे स्कूल का बहिष्कार करेंगे और अपना आंदोलन और तेज करेंगे।

विद्यार्थियों का कहना है कि वे लंबे समय से स्कूल पहुंचने के लिए कठिन और जोखिमभरे रास्ते का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। करीब एक से डेढ़ किलोमीटर तक खेतों के बीच बने कच्चे मार्ग से पैदल गुजरना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह रास्ता पूरी तरह कीचड़ से भर जाता है, जिससे स्कूल पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं रहता। कई बार छात्र-छात्राएं फिसलकर गिर चुके हैं, वहीं कपड़े, जूते और किताबें भी खराब हो जाती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा, जब विद्यालय तक सुरक्षित और सुगम पहुंच सुनिश्चित की जाए। उनका कहना था कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब वे और इंतजार करने की स्थिति में नहीं हैं। छात्रों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे नियमित रूप से स्कूल नहीं आएंगे और आंदोलन जारी रखेंगे।





### तहसीलदार से मिले छात्र

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग संबंधित विभाग तक पहुंचाई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। अधिकारियों के समझाने के बाद छात्र शांत हुए, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

### सड़क निर्माण का मुद्दा कई वर्षों से लंबित

इधर, ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों की मांग का समर्थन किया। उनका कहना है कि स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण का मुद्दा कई वर्षों से लंबित है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष कई बार मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से केवल विद्यार्थियों को ही राहत नहीं मिलेगी, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। बारिश के दौरान मरीजों, बुजुर्गों और किसानों को भी इसी मार्ग से आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कार्रवाई : प्रशासन पर टिकी निगाहें

अब पूरे मामले पर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार उनका आंदोलन केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण का वर्षों पुराना सपना जल्द साकार होगा। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में आंदोलन और तेज होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### जल्द हो सड़क निर्माण

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि विकास की बुनियादी जरूरतों में सड़क सबसे महत्वपूर्ण है और शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्था तक पहुंच का रास्ता बदहाल होना चिंता का विषय है।

### बच्चे नहीं पहुंच पाते स्कूल

विद्यार्थियों ने बताया कि बरसात के दिनों में हालात सबसे अधिक खराब हो जाते हैं। रास्ते में घुटनों तक कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। छात्रों का कहना है कि इस समस्या के कारण कई विद्यार्थी बारिश के दौरान स्कूल आने से भी कतराते हैं।

# टीकाकरण सेशन समय पर क्या जाए पूरा : श्री नारायण

कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. कलेक्टर महोदय हरेन्द्र नारायण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागृह में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।**

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एएनसी रजिस्ट्रेशन की प्रगति कम होने के कारण महिला बाल विकास अधिकारी एवं बी.एम.ओ के संयुक्त बैठक कर ए.एन.सी बढाने को निर्देश दिए एवं प्रति माह डीसीएम आशा कार्यकर्ता 9 बैठक करने निर्देश दिये मोडरेड एनीमिया,सीवियर एनीमिया का आईडीफिकेशन बढाने हेतु निर्देश दिए द्य टीकाकरण सेशन समय पर करने निर्देश दिएद्य एनआरसी में साफ सफाई और बच्चो को मिलने वाले पोषण आहार एवं अन्य व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को निर्देश दिये आशा कार्यकर्ताओ द्वारा किये एचबीएनसी कार्य एवं फोटोग्राफ्स बीसीएम को डाटाबेस रखने निर्देश दिए एनसीडी कार्यक्रम में कम प्रगति होने के कारण अगले माह तक बढ़ाने को निर्देश दिए गए ई संजीवनी के माध्यम जिन स्वास्थ्य संस्थाओ के मेडिकल ऑफिसर के द्वारा कार्य कम किया गया है उन्हें सी एम एच ओ के माध्यम से संपर्क कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए स्नेक बाईट के मरीजो का जिले में त्वरित इलाज हुए हैं जिस पर कलेक्टर महोदय ने आगे भी इसी प्रकार के कार्य करने का निर्देश दिया गया जिन ब्लॉक में मलेरिया के मरीज बढ़ रहे है उन ब्लॉक में मलेरिया से बचाव का प्रचार प्रसार और मच्छरदानी के प्रयोग अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए ! कलेक्टर महोदय द्वारा अन्य कार्यक्रमों - आरबीएसके कार्यक्रम, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, 100 दिवसीय निक्षय शिविर, एस.एन.सी.यू., एनसीडी कार्यक्रम एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा जिन विकासखण्डो में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की कम उपलब्धि पाई गई हैं, उन्हें कार्य में शीघ्र सुधार करते हुये लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए गए

## करंट लगने से महिला की मौत

**छिंदवाड़ा।** पांढुर्ना के पाठई गांव की रहने वाली महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि महिला ने अर्थिंग तार पकड़ लिया था। जिसके चलते मौत हो गई। जानकारी अनुसार पार्वती पति चैतराम बट्टी 55 साल पाठई की रहने वाली है। वह खेत में अपने परिवार के साथ काम कर रही थी। इस दौरान उसने खंभे की अर्थिंग पकड़ ली। इससे वह करंट की चपेट में आ गई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। जैसे ही परिजनों ने उसे देखा उनके होष उड़ गए। तत्काल उक्त महिला को लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर षव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कुएं में डूबने से महिला की मौत

गल डालकर निकाला शव, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. लावाघोघरी थाना क्षेत्र के वाकुल गांव की रहने वाली महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है पानी भरते समय अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई।**

जानकारी अनुसार साव्रित्री पति मनरागी वाडिवा उम्र 45 साल बाकुल गांव की रहने वाली है। वह अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रही थी। प्यास लगने पर वह खेत से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में पानी लेने गई। इस दौरान वह अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई। तकरीबन वह आधा घंटे तक वापस नहीं आई। सांस ने अपने नातियों को देखने के लिए कहा। जब वह कुएं के पास पहुंचे। उन्होंने देखा मां की चप्पल कुएं में उतरा रही है। तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों और आसपास के लोगों को बुलाया। बेटे ने गल डालकर कुएं में तकरीबन आधा घंटा घुमाया, गल में महिला का षव फस गया। उसके बाद उसके शव को ऊपर निकाला गया। शव देखकर परिजन बिलख पड़े। शव निकालने के बाद तत्काल पुसिल को सूचित किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# खजरी रोड पर पानी की केन से भरा ओवरलोड ऑटो पलटा, चालक घायल

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. देहात थाना क्षेत्र के खजरी रोड पर शनिवार सुबह पानी की केन से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा राय बकरी के पास हुआ। दुर्घटना में चालक को मामूली चोट आई, जबकि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।**



हादसे के बाद ऑटो में रखी पानी की केन सड़क पर बिखर गईं। कई केन टूट गईं, जबकि कुछ का पानी सड़क पर फैल गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालने के साथ सड़क पर बिखरी केन हटाईं, जिससे यातायात कुछ ही देर में सामान्य हो सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त ऑटो श्रीराम एकवा के नाम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की केन की सप्लाई करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक ऊंचाई तक केन लोड की गई थीं।

मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से ऑटो पलट गया। शहर और आसपास के क्षेत्रों में छोटे मालवाहक वाहनों में क्षमता से अधिक सामान लादकर परिवहन करने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह हैं। यह हादसा एक बार फिर ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई और यातायात नियमों के सख्ती से पालन की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# जिले में अब तक 413.9 मिमी औसत बारिश पिछले साल से करीब 102 मिमी कम

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. जिले में मानसून की रफ्तार अब तक सामान्य से धीमी बनी हुई है। 25 जुलाई तक जिले में 413.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 515.5 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह इस बार अब तक करीब 101.6 मिमी कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है।**

अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1059 मिमी है। शुक्रवार सुबह 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 7.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बीते 24 घंटे में सबसे अधिक 27.4 मिमी वर्षा उमरेठ तहसील में हुई। इसके अलावा परासिया में 18.2 मिमी, जुन्नारदेव में 17.8 मिमी, छिंदवाड़ा में 10.4 मिमी, अमरवाड़ा में 4.2 मिमी, चौरई में 4 मिमी तथा चांद में 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई ।एक जून से 25 जुलाई तक तहसीलवार वर्षा की बात करें तो चांद में सबसे अधिक 557.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## नीट मेडिकल परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**छिन्दवाड़ा.** छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 44 विद्यार्थियों द्वारा नीट मेडिकल परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त करने पर उनका सम्मान समारोह शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. इड़पाचे, सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.के. साहू तथा पूर्व प्राचार्य ए. काले की गरिमामयी उपस्थिति में सफल विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का सम्मान किया गया।

छात्रों और युवाओं के संघर्ष तथा नेता विपक्ष के दृढ़ नेतृत्व को समर्पित रहा विजय मार्च

# कांग्रेस ने राजीव भवन से निकाला विजय मार्च

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई .** कांग्रेस ने राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से विशाल विजय मार्च निकाला। हाथों में कांग्रेस पार्टी के झंडे, जगह-जगह आतिशबाजी और गगनभेदी नारों के साथ पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और छात्र संगठन इसमें सहभागी बनें। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं नकुलनाथ के निर्देश पर निकाला गया यह विजय मार्च देश के छात्र-छात्राओं और युवाओं के संघर्ष व राहुल गांधी के दृढ़ नेतृत्व को समर्पित रहा। जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित विजय मार्च में कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण की उपस्थिति में निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े नागरिकगण, छात्र संगठन के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। राजीव भवन से प्रारंभ हुआ विजय मार्च कोतवाली पुलिस थाना, जिला अस्पताल, अनगढ़ हनुमान मंदिर होते हुए फव्वारा चौक पहुंचा। सम्पूर्ण मार्ग में आतिशबाजी होती रही साथ ही धर्मेन्द्र प्रधान तो झांकी है नरेन्द्र मोदी अभी बाकी है के गगन भेदी नारे लगे। शिक्षा के दलालों से हिसाब होगा पूरा-पूरा जैसे नारे लगाते हुए विजय मार्च करते हुए बड़ी संख्या में लोग फव्वारा चौक पहुंचे। यहां दिवंगत छात्र-छात्राओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी ने छात्र-छात्राओं पर दर्ज सम्पूर्ण प्रकरण तत्काल वापस लेने की मांग की।इस दौरान कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक के विरोध में देशभर के युवा राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। युवाओं की मांग थी कि नीट पेपर लीक की वजह से जिन छात्र-छात्राओं की मौत हुई है, उनके परिवारजनों को कम से कम 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाए, दोषियों पर ठोस कार्रवाई हो ताकि भविष्य में पेपर लीक की घटना दोहराई ना जा सके सहित अन्य मांगों पर युवा अडिग थे। जिसके लिए वे सतत रूप से आंदोलन में डटे रहे, लेकिन यह बात भाजपा सरकार को रास नहीं आई और उन्होंने विरोध को जड़ से खत्म करने के लिए आंदोलनकारी युवाओं पर लाठीचार्ज और बलप्रयोग का रास्ता अपनाया। अंततः छात्रों, युवाओं और राहुल गांधी के दृढ संकल्प की विजयी हुई।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर करियर वॉक कार्यक्रम का आयोजन




नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई. कारगिल विजय दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा में करियर वॉक कारगिल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं में करियर के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 24 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर मेजर पी. के. वेलु थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्य अतिथि मेजर पी. के. वेलु ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए भारतीय सेना में करियर के विभिन्न अवसरों, पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने रक्षा सेवाओं में प्रवेश, आवश्यक योग्यताओं एवं तैयारी को लेकर अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने अपने सैन्य जीवन के प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य हबीब खान ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे करियर उन्मुख कार्यक्रम विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों को समझने तथा अपने भविष्य के लिए सही दिशा चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शिवाजी चौक की बदलेगी तस्वीर हादसों वाला हटेगा डिवाइडर

ट्रैफिक सिग्नल होंगे अपग्रेड, जाम से मिलेगी राहत



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा,25 जुलाई.** शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील यातायात केंद्रों में शामिल शिवाजी चौक की ट्रैफिक व्यवस्था में जल्द ही बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। लगातार बढ़ते यातायात दबाव, सड़क हादसों और जाम की समस्या को देखते हुए नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर सुधार कार्यों की रूपरेखा तैयार की है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात संचालन को अधिक सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्रवाई हाल ही में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद शुरू की गई है।

नगर निगम आयुक्त सीपी राय और यातायात डीएसपी रामेश्वर चौबे ने शिवाजी चौक सहित आसपास के मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही, ट्रैफिक के दबाव, जाम की स्थिति और दुर्घटना संभावित स्थानों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह तय किया गया कि चौराहे पर ऐसे बदलाव किए जाएंगे, जिनसे यातायात व्यवस्था अधिक प्रभावी और सुरक्षित बन सके।

निरीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण विषय शिवाजी चौक से कलेक्टर कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बने कम ऊंचाई वाले डिवाइडर का रहा। अधिकारियों ने माना कि यह डिवाइडर पिछले कुछ समय से सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। कम ऊंचाई होने के कारण कई वाहन चालक इसे समय पर नहीं देख पाते, जिससे दुर्घटनाएं होती रही हैं। अब इस डिवाइडर को हटाकर उसकी जगह अधिक ऊंचाई और बेहतर डिजाइन वाला नया डिवाइडर बनाया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे वाहन चालकों को स्पष्ट दृश्यता मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।संयुक्त निरीक्षण के दौरान चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नलों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। यातायात डीएसपी रामेश्वर चौबे ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए विभिन्न प्रमुख चैराहों पर नए ट्रैफिक प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिवाजी चौक पर भी सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लागू होने के बाद यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित होगा, जाम की समस्या में कमी आएगी और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी। नगर निगम आयुक्त सीपी राय ने बताया कि हाल ही में कलेक्टर कार्यालय में शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में प्रमुख चौराहों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने का निर्णय लिया गया था। उसी कार्ययोजना के तहत अब शिवाजी चौक का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्यों की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

प्रशासन का मानना है कि शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ यातायात प्रबंधन को आधुनिक और प्रभावी बनाना समय की आवश्यकता है। शिवाजी चौक पर प्रस्तावित बदलाव इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। यदि योजनानुसार कार्य शीघ्र पूरा होता है तो आने वाले समय में इस व्यस्त चौराहे पर यातायात अधिक सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम नागरिकों को जाम की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें
6262110029
9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. BIOINFORMATICS
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
डॉ. आशुतोष सिन्हा
(कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, एंडोस्कोपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
पता:- भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589